**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 25 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर 18वें एशियाई प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन में हुए शामिल, पीएम मोदी ने भविष्य की समस्याओं का समाधान देने में भारत को बताया सक्षम।

- हरियाणा की 15वीं विधानसभा में चुने गए नवनिर्वाचित विधायकों ने की शपथ ग्रहण, प्रोटेम स्पीकर रघुबीर कादियान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य सदस्यों को दिलाई शपथ।

- घरौंडा से बीजेपी विधायक हरविंदर कल्याण को सर्वसम्मति से हरियाणा विधासभा का अध्यक्ष और जींद से विधायक कृष्ण मिड्ढा को उपाध्यक्ष बनाया गया।

- हरियाणवी संस्कृति की पहचान 'रत्नावली' राज्यस्तरीय उत्सव आज से कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में हुआ शुरू

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और आधारभूत सुविधाएं भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख उपकरण है। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार के 18वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जर्मनी के संबंध हर स्तर पर मजबूत हो रहे हैं। इस अवसर पर, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र और तेजी से बढती अर्थव्यवस्था वाला देश है। उन्होंने कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। श्री शोल्ज ने भारत और जर्मनी के बीच सहयोग बढाने पर जोर दिया

************************************************************************

भारत और जर्मनी के बीच आज नई दिल्ली में 7वीं अन्तर-सरकारी परामर्श की बैठक हुई। दोनों देशों ने कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।दोनों नेताओं ने अंतर सरकारी परामर्श समूह-आईजीसी की सातवीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। आईजीसी को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2022 में आईजीसी की पिछली बैठक के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग बढाने के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये और पिछले दो वर्षों में रणनीतिक संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है।

*******************************************************************

प्रदेश की 15वीं विधानसभा के लिए चुने गए विधायकों ने आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा में विधायक के तौर पर शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर रघुवीर कादियान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधायक के तौर पर शपथ दिलाई।बाद में कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, महिलपा ढांडा, विपुल गोयल, डाॅ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर सिंह गंगवा, कृष्ण बेदी, आरती राव, श्रुति चैधरी, राव नरबीर सिंह सहित सभी मंत्रियों व सताधारी दल के अन्य विधायकों ने अपनी शपथ ग्रहण की। उधर, कांग्रेस विधायक भूपेंद्र सिंह हूड्डा, गीता भूक्कल, अफताब अहमद, विनेश फौगाट, इनेलो विधायक आदित्य चैटाला और अर्जुन चैटाला, निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल सहित अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने विधायक के रूप में शपथ ग्रहण की।

इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक रघुवीर कादियान को प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई।

*************************************************************************

वहीं आज विधानसभा सत्र के दौरान विधासनभा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भी चुन लिए गए हैं। करनाल के घरौंडा से बीजेपी विधायक हरविंदर कल्याण नए अध्यक्ष बन गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। वहीं जींद से बीजेपी विधायक कृष्ण मिड्ढा को उपाध्यक्ष के तौर पर चुना गया है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने उन्हें उपाध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।हरविंदर कल्याण, विधानसभा के 18वें अध्यक्ष होंगे। वे लगातार तीसरी बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उनके पिता ने भी लोकसभा व विधानसभा का चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं पाए। कांग्रेस में रहते उनकी टिकट काट दी गई थी, बसपा से वे चुनाव हार गए लेकिन भाजपा में आते ही जीत की हैट्रिक लगा दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि हमने तीसरी बार जनसेवा का दायित्व संभाला है। हमारा सदन भवन एवं सभागार नहीं है बल्कि यह पौने 2 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का केंद्र है। हम लोकतंात्रिक मूल्यों का पालन करेंगे, ताकि सदन का संचालन सही तरीके से किया जा सके।इससे पहले कल चंडीगढ़ में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के नामों पर चर्चा की गई। वहीं बेरी से कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम नॉन स्टॉप हरियाणा के लिए तीन गुणा रफ्तार से काम करेंगे। इस काम में विपक्ष का भी अहम योगदान रहेगा। विपक्ष से जनहित में जो भी सुझाव हमें मिलेंगे, हम उनका पूरा मान-सम्मान करते हुए जनता की अपेक्षाएं, आशाएं व आकांक्षाओं को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे।मुख्यमंत्री, जो सदन के नेता भी हैं, आज 15वीं हरियाणा विधानसभा सत्र के प्रथम दिन सदन द्वारा सर्वसम्मति से विधायक हरविंदर कल्याण को हरियाणा विधानसभा का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद सदन को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने हरविंदर कल्याण को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि अपने विस्तृत अनुभव, अनूठी कार्यशैली और विनम्रता तथा विवेक जैसे अद्भुत व्यक्तित्व के अनेक गुणों से हरविंदर कल्याण अध्यक्ष पद की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्री हरविंदर कल्याण इस महान सदन में लगातार तीसरी बार चुनकर आए हैं। उनके पास राजनीतिक और सामाजिक जीवन का लंबा अनुभव है। गत 10 वर्षों में अनेक संसदीय समितियों में उन्होंने विधायी कामकाज को पूरी निष्ठा से किया है। गर्व की बात है कि वर्ष 2019 से 2023 की अवधि में वे लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने अनुमान समिति और सार्वजनिक उपक्रम समिति के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया है।नायब सिंह सैनी ने कहा कि 15वीं विधानसभा के 90 सदस्यों में से 40 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार चुनकर आए हैं। जहां एक और नये सदस्यों को पुराने सदस्यों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। वहीं इस वर्ष महिला विधायिकओ की संख्या डेढ गुणा बढ़कर 13 हो गई है। मुख्यमंत्री ने श्री कृष्ण लाल मिड्ढा को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार विधानसभा के अध्यक्ष एक इंजीनियर और उपाध्यक्ष एक डॉक्टर चुने गये हैं।

*************************************************************************

[4:42 pm, 25/10/2024] Akansha Mam Air: भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉक्टर डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि दिव्यांगों के लिए न्यायालयों को सुलभ बनाने के विभिन्न उपाय किए गए हैं। भारत के

सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पहली बार सर्वोच्च न्यायालय ने बोलने और सुनने में अक्षम वकीलों को सांकेतिक भाषा जानने वाले दुभाषिये उपलब्ध कराने की शुरूआत की है। न्यायमूर्ति डी. वाई चंद्रचूड़ के साथ यह साक्षात्कार आकाशवाणी के एफ एम गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर आज रात साढ़े 9 बजे प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम हमारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा वेबसाइट newsonair.gov.in और NewsOnAIR app पर भी उपलब्ध रहेगा।

*******************************************************************

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव रत्नावली' आज से शुरू हो गया है। रत्नावली का आयोजन 28 अक्टूबर तक किया जाएगा।रत्नावली के उद्घाटन अवसर पर एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक डॉ.बी सी रमन्ना रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. विवेक चावला ने बताया कि हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान रत्नावली समारोह में 34 हरियाणवी विधाओं में 3 हजार 500 कलाकार हिस्सा लें रहे हैं।

डॉ. विवेक चावला-निदेशक, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग

रत्नावली में छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं और समारोह को देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। रत्नावली को देखने वाले दर्शकों का कहना है कि इस समारोह में एक ही जगह हरियाणवी परिवेश के दर्शन होते हैं। इस उत्सव में हरियाणा की संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिल रहे

************************************************************************

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुरुग्राम में 31 अक्टूबर की सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार में विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल रन फॉर यूनिटी में मुख्य अतिथि होंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने आज लघु सचिवालय में रन फॉर यूनिटी की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही।

श्री निशांत कुमार यादव ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसे में इस आयोजन को लेकर जिला में विशेष उत्साह दिखाई देना चाहिए। इस आयोजन में युवाओं के साथ-साथ विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी होनी चाहिए। इस आयोजन से आरडब्ल्यूएस को भी शामिल किया जाए। साथ ही इस आयोजन में बड़ी संख्या में जनभागीदारी रहेगी ऐसे में अपेक्षित संख्या के हिसाब से प्रतिभागियों की सुविधा के इंतजाम होने चाहिए।

************************************************************************

रेल मंत्रालय दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए सात हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि त्यौहारों के मौसम में प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्री इन विशेष रेलगाड़ियों से सफर कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढाकर सात हजार कर दी गई है। पिछले वर्ष साढ़े चार हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन हुआ था।